Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

## अध्याय - 2 | व्यावसायिक संगठन के स्वरूप

QUIZ PART-11

1. **संयुक्त पूँजी कम्पनी का गठन किसके माध्यम से होता है?**
   A. निदेशक
   B. अंशधारक
   C. ऋणदाता
   D. कानून (D)

*व्याख्या :* कम्पनी की रचना कानून द्वारा होती है और इसी से उसे वैधानिक अस्तित्व मिलता है।

2. **संयुक्त पूँजी कम्पनी को किस अधिनियम द्वारा शासित किया जाता है?**
   A. कम्पनी अधिनियम 1956
   B. कम्पनी अधिनियम 2013
   C. दोनों
   D. कोई नहीं (C)

*व्याख्या :* कम्पनी का संचालन 1956 और 2013 दोनों अधिनियमों के अंतर्गत होता है।

3. **कम्पनी किस प्रकार की इकाई होती है?**
   A. प्राकृतिक व्यक्ति
   B. कृत्रिम व्यक्ति
   C. सरकारी संस्था
   D. साझेदारी इकाई (B)

*व्याख्या :* कम्पनी को कृत्रिम व्यक्ति कहा गया है, जो अपने सदस्यों से अलग कानूनी अस्तित्व रखती है।

4. **"Separate Legal Entity" का अर्थ क्या है?**
   A. कम्पनी और सदस्य एक ही माने जाते हैं
   B. कम्पनी की संपत्ति और सदस्यों की संपत्ति अलग होती है
   C. कम्पनी अस्थायी होती है
   D. कम्पनी बिना पंजीकरण के चल सकती है (B)

*व्याख्या :* कम्पनी की संपत्ति एवं देयताएँ उसके सदस्यों से अलग मानी जाती हैं।

5. **कम्पनी की स्थापना कैसी मानी जाती है?**
   A. सरल
   B. बहुत जल्दी होने वाली
   C. जटिल और समय लेने वाली
   D. बिना किसी दस्तावेज़ के (C)

*व्याख्या :* स्थापना प्रक्रिया खर्चीली एवं जटिल होती है और इसमें कई कानूनी औपचारिकताएँ शामिल होती हैं।

6. **कम्पनी का अस्तित्व कब तक रहता है?**
   A. सदस्य की मृत्यु तक
   B. लाभ होने तक
   C. कानून द्वारा समापन होने तक
   D. निदेशक के इस्तीफे तक (C)

*व्याख्या :* कम्पनी का अंत तभी होता है जब विधिक रूप से समापन की प्रक्रिया पूरी की जाती है।

7. **कम्पनी के प्रबंधन का नियंत्रण किसके पास होता है?**
   A. अंशधारकों के
   B. सरकारी अधिकारियों के
   C. निदेशक मंडल के
   D. साझेदारों के (C)

*व्याख्या :* कम्पनी के सभी महत्वपूर्ण प्रबंधकीय निर्णय निदेशक मंडल द्वारा लिए जाते हैं।

8. **संयुक्त पूँजी कम्पनी में सदस्यों का दायित्व कैसा होता है?**
   A. असीमित
   B. पूरा व्यक्तिगत
   C. सीमित
   D. दायित्व नहीं होता (C)

*व्याख्या :* सदस्यों का दायित्व उनकी लगाई गई पूँजी की राशि तक सीमित होता है।

9. **कम्पनी में आधिकारिक हस्ताक्षर किसके माध्यम से किए जाते हैं?**
   A. निदेशक
   B. सचिव
   C. सामान्य सभा
   D. सामान्य मुद्रा (D)

*व्याख्या :* कम्पनी एक कृत्रिम व्यक्ति होने के कारण अपने नाम से सामान्य मुद्रा द्वारा हस्ताक्षर करती है।

10. **संयुक्त पूँजी कम्पनी में हानि का जोखिम कौन वहन करता है?**
    A. केवल निदेशक
    B. केवल मुख्य अंशधारक
    C. सभी अंशधारक
    D. केवल सरकारी संस्था (C)

*व्याख्या :* हानि का जोखिम सभी अंशधारक उनके निवेश के अनुपात में वहन करते हैं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App